# स्काउट्स एवं गाइड्स उत्तराखण्ड के राज्य पुरस्कार वितरण समारोह में माननीय राज्यपाल महोदय का सम्बोधन

(दिनांकः 24 फरवरी, 2025)

**जय हिन्द!**

उत्तराखण्ड स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य पुरस्कार वितरण समारोह में ऊर्जावान युवाओं के मध्य उपस्थित होकर मैं गर्व और प्रसन्नता की अनुभूति कर रहा हूँ। आज का दिन राज्य पुरस्कार परीक्षा उत्तीर्ण स्काउट्स–गाइड्स के लिए अत्यंत गौरवशाली दिन है।

आपने तीन वर्षों के कठिन परिश्रम और अथक प्रयास के बाद स्काउट्स एवं गाइड्स में राज्य स्तरीय सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त किया है। स्काउट्स एवं गाइड्स इसके पश्चात राष्ट्रपति पुरस्कार की परीक्षा में प्रतिभाग करने हेतु अर्ह हो गए हैं, इसके लिए मैं आप सभी को हृदय से बधाई देता हूँ।

आपने समाज सेवा कार्य जैसे पर्यावरण प्रदूषण, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, नशा मुक्ति जागरूकता अभियान एवं प्राकृतिक आपदाएं इत्यादि अन्य कार्यों में दूसरों की सहायता करते हुए निःस्वार्थ होकर देशप्रेम व विश्व बन्धुत्व की भावनाओं का जिस प्रकार प्रचार–प्रसार किया है, मुझे विश्वास है कि उन भावनाओं को आत्मसात करते हुए आप भविष्य में दूसरों को भी निरंतर प्रेरित करते रहेंगे।

इस संस्था के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत जी को बधाई देता हूँ जिनकी प्रेरणा से स्काउट–गाइड में निरन्तर वृद्धि हुई है। मुझे याद है कि मैंने वर्ष 2025–26 तक 28 हजार के लक्ष्य को बढ़ते हुए एक लाख स्काउट–गाइड का लक्ष्य पूर्ण करने हेतु कहा था, मुझे प्रसन्नता है कि इस प्रयास में अभी तक स्काउट–गाइड की संख्या 50 हजार से अधिक हो गयी है।

यदि अधिक से अधिक प्रशिक्षित भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कैडेट्स को हमारे समाज में एक मिशन के साथ शामिल किया जाए, तो मुझे विश्वास है कि इसका समाज के जीवन के तीन महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, क्योंकि प्रत्येक स्काउट ईश्वर के प्रति, अपने देश के प्रति तथा लोगों की सहायता करने के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करने का वचन देता है।

आज भारत स्काउट्स और गाइड्स की इकाइयाँ हिमालय के लेह से लेकर तमिलनाडु के कन्याकुमारी तक, पश्चिम में कच्छ से लेकर पूर्व में कोहिमा तक फैल चुकी हैं। हमें गर्व है कि भारत स्काउट्स एंड गाइड्स दुनिया के सबसे बड़े स्काउट्स एंड गाइड्स संगठनों में से एक है। आपदा और दुर्घटनाओं के दौरान स्काउट्स सबसे पहले दुर्घटना स्थल पर पहुँचकर पीड़ितों को राहत पहुँचाते हैं। वास्तव में यह एक महान मिशन है।

भारत स्काउट और गाइड देश में सबसे बड़ा स्वैच्छिक, गैर–राजनीतिक, वर्दीधारी युवा संगठन और शैक्षिक आंदोलन है। जो पंथ, नस्ल या लिंग के भेद के बिना युवाओं के चरित्र निर्माण के लिए काम कर रहा है। इस संगठन के सदस्य समर्पण और सेवा की भावना से काम कर रहे हैं जो मानवता के लिए कल्याणकारी है।

अपनी यात्रा शुरू करने से पहले स्काउट और गाइड व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं बल्कि समाज के सामूहिक कल्याण के लिए स्वयं को शारीरिक रूप से मजबूत, मानसिक रूप से जागृत और नैतिक रूप से सही रखने का वादा करते हैं। उच्च चेतना की इन विशेषताओं का पालन करके दुनिया को एक बेहतर जगह बनाते हैं।

पर्यावरण स्वच्छता की स्थिति किसी भी राष्ट्र के विकास के संकेतकों में से एक है। एक राष्ट्र के रूप में, हमें अपने पर्यावरण को साफ और स्वच्छ रखना होगा और इसकी शुरुआत घर से ही करनी होगी। यह आवश्यक है कि हम अपने सभी पूजा स्थलों और नदियों को साफ और स्वच्छ रखें ताकि उनकी अंतर्निहित दिव्यता को बनाए रखा जा सके। भारत स्काउट्स और गाइड्स के सदस्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैला सकते हैं जिससे एक स्वच्छ राष्ट्र का निर्माण हो सके।

हम जानते हैं कि नदी, झील या तालाब की गहराई चाहे जितनी भी हो, पानी की स्थिति चाहे जैसी भी हो, लिली का फूल हमेशा निकलता है और खिलता है। इसी प्रकार

यदि किसी लक्ष्य को प्राप्त करने का दृढ़ निश्चय हो, चाहे वह लक्ष्य प्राप्त करना असंभव ही क्यों न हो, तो भी मनुष्य सफल होता है। हमें कभी भी किसी समस्या से हारना नहीं चाहिए। हमें परिस्थिति पर नियंत्रण रखना चाहिए और समस्याओं को हराना चाहिए।

कोविड–19 महामारी के दौरान भारत स्काउट्स एंड गाइड्स ने समाज की सेवा करने में अनुकरणीय साहस दिखाया है। बढ़ते तापमान, समुद्र के स्तर और मौसम की अनिश्चितताओं का प्रभाव काफी स्पष्ट है। इससे पहले कि बहुत देर हो जाए, हमें सुधार के उपाय तत्काल करने होंगे। स्काउट और गाइड के रूप में, आप लोगों को जैव विविधता की रक्षा करने, पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और जिम्मेदार पर्यटन प्रथाओं को बढ़ावा देने के महत्व के बारे में शिक्षित कर सकते हैं।

युवा पीढ़ी में बढ़ती नशा और ड्रग्स की प्रवृत्ति हम सभी के लिए गंभीर चिंता का विषय है। मेरा मानना है कि नशा एक घातक बीमारी है जो न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि सामाजिक और आर्थिक प्रगति को भी अवरुद्ध करती है। मैं सभी नागरिकों और संगठनों से अपील करता हूँ कि वे इस समस्या से लड़ने के लिए एकजुट होकर प्रयास करें, ताकि उत्तराखण्ड और पूरे देश का भविष्य सुरक्षित रह सके।

मेरी युवाओं से अपील है कि वे इस बुराई से दूर रहें और अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाएं। मैं माता–पिता और शिक्षकों से विशेष आग्रह करता हूँ कि वे बच्चों पर विशेष ध्यान दें और उन्हें सही मार्गदर्शन प्रदान करें। स्काउट और गाइड का आह्वान करता हूँ कि आप भी नशामुक्ति अभियान को एक जन आंदोलन बनाने में अपनी सक्रिय भागेदारी निभाएं ताकि युवाओं को नशे की चपेट में आने से रोका जा सके।

विश्व में आज भारत एक युवा देश माना जाता है। युवा राष्ट्र के भविष्य के निर्माता हैं। दुनिया तेजी से बदल रही है और आपको भविष्य के लिए तैयार रहना होगा। आपको भविष्य में देश और समाज के सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए उच्च लक्ष्य निर्धारित करने होंगे।

मुझे विश्वास है कि घर और परिवार में चरित्र निर्माण से परिपूर्ण विकसित प्रबुद्ध नागरिक, मूल्य आधारित शिक्षा प्रदान करने वाले विद्यालय, अनुशासन और एकता प्रदान करने वाले भारत स्काउट एवं गाइड प्रशिक्षण, तथा अदम्य साहस से युक्त होकर, आप भारत को एक खुशहाल, समृद्ध और शांतिपूर्ण राष्ट्र बनाने में गौरवपूर्ण योगदानकर्ता बनेंगे।

जैसा कि आप सभी जानते हैं, हम सभी ने आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र में बदलने का संकल्प लिया है। इस परिवर्तन को संभव

बनाने के लिए मुख्य संसाधन हमारे युवा हैं, ऊर्जा और उत्साह से भरपूर आप सभी सामर्थ्यवान युवा हैं। भारत को ज्ञान, कड़ी मेहनत और राष्ट्र के प्रति प्रेम रखने वाले अनुशासित नागरिकों की आवश्यकता है। मुझे विश्वास है कि आप जैसे समर्थ युवाओं के बल पर हम विकसित भारत के अपने संकल्प को साकार करेंगे।

मेरा दृढ़ विश्वास है कि स्काउट्स एवं गाइड्स की प्रतिज्ञा एवं नियम का अनुपालन करते हुए आप अवश्य ही भविष्य में सचरित्र, अनुशासित तरीके से एक अच्छे नागरिक की भूमिका अदा करते हुए भ्रष्टाचार से मुक्त एक स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान करेंगे।

स्काउट और गाइड के रूप में आप जो सबक सीखते हैं, वह अनगिनत तरीकों से आपके जीवन को संवारेंगे। आप सभी स्काउट्स और गाइड्स अपने पूरे विश्वास के साथ आगे बढ़ें, कामयाबी आप सब के कदम चूमेगी।

अंत में, मैं अपने राज्य में राज्य पुरस्कार प्राप्त स्काउट्स एवं गाइड्स, उनके अभिभावकों, प्रशिक्षकों एवं प्रादेशिक मुख्यालय के पदाधिकारियों को उनकी इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई प्रेषित करता हूँ तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

**“जय हिन्द! जय भारत!”**